# परिशिष्ट-1

1. प्रस्तुत कतिपय प्रतिलिपियाँ राष्ट्रीय अभिलेखागार (National Archives) नई दिल्ली के होम डिपार्टमेंट में संग्रहीत 'रिपोर्ट्स ऑन वर्नाक्यूलर न्यूज पेपर्स' (एन० डब्ल्यू० पी०, अवध तथा पंजाब और बंगाल के कुछ हिन्दी पत्रों (उत्तर 19वीं शती) से सम्बन्धित अंशों की हैं। अंग्रेजी शासन में भारतीयों द्वारा प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं के प्रत्येक अंक की एक प्रति संपादक द्वारा सरकारी कार्यालय को भेजनी आवश्यक होती थी। सरकारी अनुवादक इन पत्र-पत्रिकाओं में से आपत्तिजनक महत्वपूर्ण अंशों का चयन करके साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करते थे तथा अंग्रेज उच्चाधिकारियों के पास सेंसर के लिए भेजते थे। 'हिन्दी प्रदीप', 'मित्रविलास' आदि पत्रों के विरुद्ध दमनात्मक कार्यवाही इन रिपोर्टों के आधार पर हुई थी। राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म भी ह्यूम द्वारा इन्हीं गोपनीय दस्तावेजों के आधार पर हुआ था।
2. 'वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' IX सम्बन्धी गुप्त दस्तावेजों की कतिपय प्रतिलिपियाँ।